प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

**संचार विभाग,** केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
**Department of Communication**, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

20 मार्च 2025

# भारतीय रिज़र्व बैंक ने श्री इन्द्रनील भट्टाचार्य को नए कार्यपालक निदेशक के रूप नियुक्त किया

भारतीय रिज़र्व बैंक ने श्री इन्द्रनील भट्टाचार्य को दिनांक 19 मार्च 2025 से कार्यपालक निदेशक के रूप में नियुक्त किया है।

कार्यपालक निदेशक के रूप में पदोन्नत होने से पूर्व, श्री भट्टाचार्य बैंक के मौद्रिक नीति विभाग में परामर्शदाता के रूप में कार्यरत थे।

लगभग तीन दशकों की अवधि के दौरान, श्री भट्टाचार्य ने रिज़र्व बैंक के मौद्रिक नीति विभाग, आर्थिक और नीति अनुसंधान विभाग तथा अंतर्राष्ट्रीय विभाग में मौद्रिक नीति, राजकोषीय नीति, बैंकिंग और अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक संबंधों के क्षेत्रों में कार्य किया है। उन्होंने कतर सेंट्रल बैंक, दोहा, कतर में गवर्नर के तकनीकी कार्यालय में 5 वर्ष (2009-14) तक आर्थिक विशेषज्ञ के रूप में भी कार्य किया है।

कार्यपालक निदेशक के रूप में श्री भट्टाचार्य आर्थिक और नीति अनुसंधान विभाग का कार्यभार संभालेंगे।

श्री भट्टाचार्य के पास जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली से अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर की डिग्री प्राप्त की है। उनकी अनुसंधान रुचि मुख्य रूप से मौद्रिक सिद्धांत और नीति, वित्तीय बाजार, बाजार सूक्ष्म संरचना और राजकोषीय नीति में है।

**(पुनीत पंचोली)**
मुख्य महाप्रबंधक

**प्रेस प्रकाशनी: 2024-2025/2419**